पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

———————

राजभवन में नवरात्रि के पाँचवें दिन भी गरबा महोत्सव की रही धूम

———————

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद समेत प्रदेश सरकार के मंत्रीगण एवं गणमान्यों की रही उपस्थिति

———————

लखनऊ : 19 अक्टूबर, 2023

राजभवन में नवरात्रि पंचमी को आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल जी द्वारा माँ दुर्गा की पूजा–अर्चना व आरती की गई। कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद, प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री ए0 के0 शर्मा, तकनीकी शिक्षा मंत्री श्री आशीष सिंह पटेल, राज्यमंत्री कृषि श्री बलदेव औलख, कुलपति किंग जार्ज मेडिकल विश्वविद्यालय प्रो0 सोनिया नित्यानंद सम्मिलित हुए।

इस अवसर पर आज लगातार पाँचवें दिन गरबा महोत्सव के क्रम में अराधकों द्वारा गरबा में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया गया। उपस्थित गणमान्यों ने गरबा नृत्य करते अराधकों का श्रद्धा के साथ उत्साहवर्द्धन भी किया।

ज्ञातव्य है कि 15 अक्टूबर, 2023 को राज्यपाल जी द्वारा राजभवन में नवरात्रि के शुभ अवसर पर गरबा महोत्सव का शुभारंभ किया गया था। यह महोत्सव 23 अक्टूबर, 2023 तक चलेगा। इसमें प्रतिदिन राजभवन के अधिकारी व कर्मचारी, अध्यासित, विश्वविद्यालय से आए अध्यापकगण, छात्र–छात्राएं तथा बच्चों के अतिरिक्त आमंत्रित अतिथिगण प्रतिभाग कर रहे थे। अराधकगणों ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा रचित गरबा गीत एवं गुजराती लोकगीत सनेडो पर नृत्य किया।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने आज आमंत्रित उम्मीद संस्था से आए बच्चों व अभिभावकों को सम्मानित किया और कहा कि नवरात्रि का पर्व साधना

और शक्ति का पर्व है। राज्यपाल जी ने कहा कि यह समाज का दायित्व है कि ऐसे गरीब परिवार के बच्चे आगे बढ़ें स्कूल तक पहुँचें। उन्होंने कहा कि एक–एक बच्चे को शिक्षा और रोजगार तक पहुँच मुहैया कराकर उन्हें गरीबी से मुक्त किया जाए।

————

कृष्ण कुमार,
सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र– 9454468250